# CBSE Class 12 Economics Important Questions Chapter 1 समष्टि अर्थशास्त्र का परिचय

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न:

प्रश्न 1.
आर्थिक एजेंट को परिभाषित कीजिए।
अथवा
आर्थिक एजेंट का तात्पर्य लिखिए।
उत्तर:
आर्थिक एजेंट अथवा आर्थिक इकाई का तात्पर्य उन व्यक्तियों अथवा संस्थाओं से है जो आर्थिक निर्णय लेते हैं।

प्रश्न 2.
कीन्स की प्रसिद्ध पुस्तक का नाम लिखिए।
उत्तर:
द जनरल थ्योरी ऑफ इम्प्लॉयमेन्ट इन्टरेस्ट एंड मनी।

प्रश्न 3.
समष्टि अर्थशास्त्र अध्ययन के दो उदाहरण दें।
उत्तर:

1. राष्ट्रीय आय व रोजगार का अध्ययन
2. आर्थिक विकास एवं नियोजन का अध्ययन।

प्रश्न 4.
समष्टि आर्थिक चरों के दो उदाहरण दीजिये।
उत्तर:

- राष्ट्रीय आय
- कुल माँग एवं निवेश।

प्रश्न 5.
एक अर्थव्यवस्था के चार क्षेत्रकों के नाम लिखिए।
उत्तर:

- फर्म
- सरकार

- पारिवारिक क्षेत्रक
- बाह्य क्षेत्रक।

प्रश्न 6.
जब कोई देश अपनी घरेलू वस्तु विश्व के अन्य देशों को बेचता है तो उसे क्या कहा जाता है?
उत्तर:
निर्यात।

प्रश्न 7.
जब कोई देश विश्व के अन्य देशों से वस्तु खरीदता है तो उसे क्या कहा जाता है?
उत्तर:
आयात।

प्रश्न 8.
दो देशों के द्वारा आपस में वस्तुओं एवं सेवाओं के क्रय-विक्रय को क्या कहा
जाता है ?
उत्तर:
विदेशी व्यापार।

प्रश्न 9.
अर्थशास्त्र की उस शाखा का नाम बताइए जिसमें अर्थव्यवस्था के कुल औसत तथा कुल समूहों का अध्ययन किया जाता है।
उत्तर:
समष्टि अर्थशास्त्र में।

प्रश्न 10.
राष्ट्रीय आय का अध्ययन अर्थशास्त्र की किस शाखा में किया जाता है?
उत्तर:
समष्टि अर्थशास्त्र में।

प्रश्न 11.
समष्टि में अध्ययन की जाने वाली देश की कोई समस्या का नाम लिखिए।
उत्तर:
बेरोजगारी की समस्या।

प्रश्न 12.
देश में मुद्रा के सिद्धान्तों का अध्ययन अर्थशास्त्र की किस शाखा में किया जाता है ?
उत्तर:
समष्टि अर्थशास्त्र में।

प्रश्न 13.
अर्थशास्त्र की किस शाखा में उपभोक्ता की संतुष्टि को अधिकतम करने से सम्बन्धित अध्ययन किया जाता है?

https://www.evidyarthi.in/

उत्तर:
व्यष्टि अर्थशास्त्र में।

प्रश्न 14.
अर्थशास्त्र की किस शाखा में उत्पादक के लाभों को अधिकतम करने सम्बन्धी अध्ययन किया जाता है?
उत्तर:
व्यष्टि अर्थशास्त्र में।

प्रश्न 15.
निवेश व्यय किसे कहते हैं?
उत्तर:
'वह व्यय जो उत्पादन क्षमता में वृद्धि लाने के लिए किया जाता है।

प्रश्न 16.
पूँजीवादी अर्थव्यवस्था किसे कहते हैं?
उत्तर:
वह अर्थव्यवस्था जिसमें आर्थिक क्रियाकलाप निजी उद्यमियों द्वारा किए जाते हैं।

प्रश्न 17.
पूँजीवादी अर्थव्यवस्था की एक विशेषता लिखिए।
उत्तर:
इस अर्थव्यवस्था में बाजार में निर्गत को बेचने के लिए उत्पादन किया जाता है।

प्रश्न 18.
समष्टि अर्थशास्त्र में किसका अध्ययन किया जाता है?
उत्तर:
इसमें सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था सम्बन्धी समूहों का अध्ययन किया जाता है।

प्रश्न 19.
व्यष्टि अर्थशास्त्र में किसका अध्ययन किया जाता है?
उत्तर:
इसमें व्यक्तिगत आर्थिक इकाइयों का अध्ययन किया जाता है।

प्रश्न 20.
अर्थशास्त्र के विषय क्षेत्र को कितने भागों में बाँटा गया है?
उत्तर:
अर्थशास्त्र के विषय क्षेत्र को दो भागों में बाँटा गया है।

- व्यष्टि अर्थशास्त्र
- समष्टि अर्थशास्त्र।

प्रश्न 21.
समष्टि अर्थशास्त्र में किन समस्याओं का अध्ययन किया जाता है?
उत्तर:
समष्टि अर्थशास्त्र में सामूहिक स्तर पर आर्थिक समस्याओं का अध्ययन किया जाता है।

प्रश्न 22.
पूर्ण रोजगार की अवस्था किसे कहते
उत्तर:
जब वर्तमान मजदूरी दरों पर काम करने के इच्छुक सभी लोगों को काम मिल जाए।

लघूत्तरात्मक प्रश्न:

प्रश्न 1.
पूँजीवादी अर्थव्यवस्था की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।
अथवा
पूँजीवादी अर्थव्यवस्था के अन्तर्गत किए आर्थिक क्रियाकलापों के कोई दो लक्षण बताइए।
उत्तर:

1. पूँजीवादी अर्थव्यवस्था में उत्पादन के साधनों पर निजी स्वामित्व होता है।
2. बाजार में निर्गत को बेचने के लिए ही उत्पादन किया जाता है।

प्रश्न 2.
समष्टि अर्थशास्त्र से आप क्या समझते
उत्तर:
समष्टि अर्थशास्त्र का तात्पर्य अर्थशास्त्र की उस शाखा से है जिसमें बड़े समूहों अथवा सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था का अध्ययन किया जाता है।

प्रश्न 3.
व्यष्टि एवं समष्टि अर्थशास्त्र में एक अन्तर बताइए।
उत्तर:
व्यष्टि अर्थशास्त्र में वैयक्तिक इकाइयों का अध्ययन किया जाता है जबकि समष्टि अर्थशास्त्र में अर्थव्यवस्था के बड़े समूहों का अध्ययन किया जाता है।

प्रश्न 4.
व्यष्टि अर्थशास्त्र से आप क्या समझते
उत्तर:
व्यष्टि अर्थशास्त्र का तात्पर्य अर्थशास्त्र की उस शाखा से है जिसमें अर्थव्यवस्था की वैयक्तिक इकाइयों अथवा सूक्ष्म अंगों का अध्ययन किया जाता है।

प्रश्न 5.
व्यष्टि आर्थिक विश्लेषण की समष्टि आर्थिक विश्लेषण पर निर्भरता को एक उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:

https://www.evidyarthi.in/

अर्थव्यवस्था में एक फर्म अपना कितना माल बाजार में बेच सकेगी, यह सम्पूर्ण समाज की क्रय शक्ति पर निर्भर करता है।

प्रश्न 6.
समष्टि आर्थिक विश्लेषण के व्यष्टि आर्थिक विश्लेषण पर निर्भरता को एक उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था के लिए आर्थिक नियोजन में वैयक्तिक फर्मों, उद्योगों व समूहों के नियोजन की आवश्यकता होती है।

प्रश्न 7.
समष्टि अर्थशास्त्र की एक विशेषता बताइए।
उत्तर:
समष्टि अर्थशास्त्र के अन्तर्गत सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था से सम्बन्ध रखने वाली इकाइयों का अध्ययन किया जाता है।

प्रश्न 8.
व्यष्टि अर्थशास्त्र की कोई एक उपयोगिता बताइए।
उत्तर:
व्यष्टि अर्थशास्त्र के अन्तर्गत उत्पादन के विभिन्न साधनों के प्रतिफलों का निर्धारण किया जाता है।

प्रश्न 9.
समष्टि अर्थशास्त्र की कोई एक उपयोगिता बताइए।
उत्तर:
समष्टि अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था की समस्याओं को समझने एवं उनके समाधान में सहायक है, जैसेबेरोजगारी एवं गरीबी की समस्या।

प्रश्न 10.
समष्टि अथवा व्यापक अर्थशास्त्र के अन्तर्गत अध्ययन किए जाने वाले किसी
एक क्षेत्र को बताइए।
उत्तर:
समष्टि अर्थशास्त्र के अन्तर्गत किसी अर्थव्यवस्था में राष्ट्रीय आय तथा रोजगार का अध्ययन किया जाता है।

प्रश्न 11.
समाजवादी एवं पूँजीवादी अर्थव्यवस्था में एक अन्तर बताइए।
उत्तर:
समाजवादी अर्थव्यवस्था में आर्थिक गतिविधियों पर सरकार का जबकि पूँजीवादी अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र का स्वामित्व एवं नियंत्रण होता है।

प्रश्न 12.
समष्टि अर्थशास्त्र में किसका अध्ययन किया जाता है?
उत्तर:
समष्टि अर्थशास्त्र में कुल आय, कुल रोजगार, कुल उपभोग, कुल बचत, सामान्य कीमत स्तर, मुद्रा प्रसार, संकुचन आदि का अध्ययन किया जाता है।

प्रश्न 13.
व्यष्टि अर्थशास्त्र की कोई एक विशेषता बताइए।
उत्तर:
इसमें समग्र का भी अध्ययन किया जाता है लेकिन यह समग्र कुल अर्थव्यवस्था के एक छोटे भाग से सम्बन्धित होता है।

प्रश्न 14.
समष्टि अर्थशास्त्र का कोई एक दोष बताइए।
उत्तर:
समष्टि अर्थशास्त्र के अन्तर्गत व्यक्तिगत इकाइयों के योग के आधार पर निकाले गए निष्कर्ष भ्रामक हो सकते हैं।

प्रश्न 15.
आयात एवं निर्यात में कोई एक अन्तर - बताइए।
उत्तर:
विदेशों से क्रय की गई वस्तुएँ एवं सेवाएँ आयात कहलाती हैं जबकि विदेशों को विक्रय की गई वस्तुएँ एवं सेवाएँ निर्यात कहलाती हैं।

प्रश्न 16.
समष्टि अर्थशास्त्र में निर्णयकर्ता कौन होते हैं ?
उत्तर:
समष्टि अर्थशास्त्र में निर्णयकर्ता राज्य स्वयं अथवा वैधानिक निकाय, जैसे भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड और इसी प्रकार की संस्था होती है।

प्रश्न 17.
समष्टि अर्थशास्त्र से क्या अभिप्राय है?
अथवा
व्यापक अर्थशास्त्र से आप क्या समझते हैं ?
उत्तर:
समष्टि 'मैक्रो' शब्द से बना है जिसका अर्थ बड़ा अथवा व्यापक होता है। अतः समष्टि अर्थशास्त्र का तात्पर्य अर्थशास्त्र की उस शाखा से है जिसमें अर्थव्यवस्था के बड़े समूहों अथवा सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था का अध्ययन किया जाता है, जैसे-राष्ट्रीय आय, कुल बचत, कुल निवेश, रोजगार, सामान्य कीमत स्तर, कुल उपभोग, व्यापार चक्र आदि।

प्रश्न 18.
व्यष्टि एवं समष्टि अर्थशास्त्र की पारस्परिक निर्भरता को स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
व्यष्टि अर्थशास्त्र मजदूरी के निर्धारण, बिक्री के निर्धारण, उत्पादन मात्रा के निर्धारण तथा वस्तु के मूल्य निर्धारण हेतु समष्टि अर्थशास्त्र पर निर्भर है जबकि समष्टि अर्थशास्त्र सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था के ज्ञान, उत्पादन में समानुपाती वृद्धि एवं नियोजन की सफलता हेतु व्यष्टि अर्थशास्त्र पर निर्भर है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 19.
समष्टि अर्थशास्त्र के चार मुख्य तत्त्व क्या हैं ?
उत्तर:

1. समष्टि अर्थशास्त्र में सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था अथवा बड़े समूहों का अध्ययन किया जाता है।
2. यह सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था के अध्ययन की दृष्टि से उपयोगी है।
3. समष्टि अर्थशास्त्र में अगत्यात्मक विश्लेषण तथा गत्यात्मक विश्लेषण दोनों के अंश पाए जाते हैं।
4. समष्टि अर्थशास्त्र एक सामान्य सिद्धान्त है।

प्रश्न 20.
व्यष्टि एवं समष्टि अर्थशास्त्र में कोई दो अन्तर बताइए।
उत्तर:

1. व्यष्टि अर्थशास्त्र अर्थशास्त्र की वह शाखा है जिसमें वैयक्तिक इकाइयों अथवा छोटी इकाइयों का अध्ययन किया जाता है जबकि समष्टि अर्थशास्त्र में सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था अथवा बड़े समूहों का अध्ययन किया जाता है।
2. व्यष्टि अर्थशास्त्र का विश्लेषण सरल होता है जबकि समष्टि अर्थशास्त्र का विश्लेषण जटिल होता है।

प्रश्न 21.
व्यष्टि अर्थशास्त्र का क्या अभिप्राय
उत्तर:
व्यष्टि 'माइक्रो' शब्द से बना हुआ है जिसका अर्थ सूक्ष्म अथवा छोटा होता है। अत: व्यष्टि अर्थशास्त्र का तात्पर्य अर्थशास्त्र की उस शाखा से है जिसमें अर्थव्यवस्था के सूक्ष्म अंगों अथवा व्यक्तिगत इकाइयों का अध्ययन किया जाता है।

प्रश्न 22.
व्यष्टि अर्थशास्त्र की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।
उत्तर:

1. इसमें अर्थव्यवस्था की वैयक्तिक इकाइयों अथवा छोटे समूहों का अध्ययन किया जाता है।
2. इसमें समग्र का अध्ययन भी किया जाता है, लेकिन यह समग्र अर्थव्यवस्था के एक छोटे भाग से सम्बन्धित होता है।

प्रश्न 23.
समष्टि अर्थशास्त्र की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।
उत्तर:

1. समष्टि अर्थशास्त्र में समस्त अर्थव्यवस्था अथवा अर्थव्यवस्था के बड़े समूहों या औसतों का अध्ययन किया जाता है।
2. यह सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था के अध्ययन की दृष्टि से उपयोगी है।